आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार आज से लागू।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – नए जीएसटी सुधार देश की विकास गाथा को बदल देंगे और समाज के सभी वर्गों को इससे भारी लाभ होगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा– नई जीएसटी दरों से राज्य को 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' की दिशा में गति मिलेगी।
- गढ़वाल राइफल्स का माउंट मुकुट ईस्ट अभियान बद्रीनाथ धाम से रवाना।

नए जीएसटी सुधार

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार आज नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीएसटी में किये गये सुधारों से लोग कम कीमत पर अपनी पसंद के सामान खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की विकास गाथा इन सुधारों के साथ बदल जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कर प्रणाली को सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि 2014 में सत्ता में आने के बाद राज्यों और हितधारकों से परामर्श के बाद सरकार ने वस्तु और सेवाकर को वरीयता दी। श्री मोदी ने कहा कि नई कर संरचना के तहत केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दरें रहेंगी।

नए जीएसटी सुधार– 2

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक राष्ट्र – एक कर का सपना पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की, कि पिछले बारह वर्षों में 25 करोड़ लोग निर्धनता से उबरे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आमदनी को कर से राहत प्रदान की, ताकि मध्यम वर्ग के जीवन में व्यापक सुगमता और सरलता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि नए मध्यम वर्ग की अपनी आकांक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि उनके कर बोझ को आसान बनाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को दोहरा फायदा होगा। अब उन्हें सामानों और वाहनों के लिए कम खर्च करना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि होटल में ठहरने की कीमत में कमी आने से पर्यटन भी कम खर्चीला होगा। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक परिवार का आह्वान किया कि वह स्वदेश का प्रतीक बने और प्रत्येक दुकान स्वदेशी सामान से सुसज्जित हो। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान में सक्रिय सहायता प्रदान करें और अपने–अपने क्षेत्रों में विनिर्माण को बढावा दें।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से मंत्रियों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों के साथ जीएसटी की नई दरों और स्वदेशी अभियान पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से देशभर में जीएसटी की नई दरें लागू होंगी, जिससे आम जनता और व्यापारिक समुदाय को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए जीएसटी सुधारों को लेकर आज से 29 सितंबर तक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रभारी मंत्री अपने जिलों में और विधायक अपनी विधानसभाओं में कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दरों से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और 'वोकल फॉर लोकल' तथा 'लोकल टू ग्लोबल' की दिशा में राज्य को गति मिलेगी। उन्होंने हाउस ऑफ हिमालयाज, जीआई टैग प्राप्त उत्पादों और 'एक जनपद दो उत्पाद' योजना को नए कर ढांचे से बढ़ावा मिलने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए और नुक्कड़ नाटक, लोकगीत तथा सांस्कृतिक माध्यमों से संदेश पहुंचाया जाए। उन्होंने विभागों और निकायों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए और उद्योग विभाग से स्थानीय उत्पादों को और अधिक सशक्त व बाजारोन्मुख बनाने को कहा।

माउंट मुकुट ईस्ट अभियान

गढ़वाल राइफल्स का माउंट मुकुट ईस्ट अभियान बद्रीनाथ धाम से रवाना किया गया। भारतीय सेना की सूर्य कमान के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में गढ़वाल राइफल्स के पर्वतारोही शामिल हैं।

इस अवसर पर गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए टीम को संबोधित करते हुए कहा कि बद्रीनाथ की पवित्र भूमि से इस अभियान की शुरुआत करना गढ़वाल राइफल्स के लिए विशेष महत्व रखता है और यह सैनिकों को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने टीम के प्रशिक्षण और साहस पर भरोसा जताते हुए शिखर पर विजय की शुभकामनाएं दीं। अभियान दल अब अंतिम शिखर प्रयास से पहले बेस कैंप की ओर बढ़ेगा।

यूकेएसएससी पेपर लीक मामला

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ है। परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट बाद प्रश्नपत्र के कुछ पेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिन्हें पुलिस ने परीक्षा प्रणाली को सनसनीखेज बनाने की कोशिश बताया है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और प्रश्नपत्र भेजने वाले खालिद मलिक की तलाश की जा रही है।

कल देर रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और आयोग के अध्यक्ष गणेश सिंह मर्तोलिया ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि एक लाख 54 हजार अभ्यर्थियों की परीक्षा की शुचिता पर कोई असर नहीं पड़ा है। सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट वायरल होने की जानकारी के बाद एसआईटी गठित की गई है। जांच में सामने आया कि प्रश्नपत्र की फोटो सबसे पहले टिहरी की असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन को खालिद मलिक ने भेजी थी। इसके बाद यह स्क्रीनशॉट आगे शेयर किए गए और वायरल हुए।

पुलिस का कहना है कि बॉबी पंवार ने स्क्रीनशॉट लेकर बिना सक्षम अधिकारी को जानकारी दिए सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिससे परीक्षा प्रणाली को बदनाम करने की कोशिश हुई। इस मामले में थाना रायपुर में उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा अध्यादेश 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।
प्रारंभिक जांच में किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता नहीं मिली है। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––
नए जीएसटी सुधारों की ख़बर पर प्रधानमंत्री के संबोधन की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं। अमर उजाला, प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– हर घर–दुकान को बनाएं स्वदेशी का प्रतीक, इससे देश की समृद्धि को मिलेगी शक्ति। वहीं, दैनिक जागरण लिखता है– बचत उत्सव आज से, 295 चीजें सस्ती।
उत्तराखंड सेवा चयन आयोग परीक्षा में पेपर लीक मामले पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– यूकेएसएसएससी परीक्षा के दौरान बाहर आया पेपर, दो महिलाएं हिरासत में। अमर उजाला की सुर्खी है– स्नातक स्तरीय परीक्षा पर पेपर लीक का साया।